[illegible]नी,
[illegible]यक निदेशक

संख्या/No. 13-2/85-कार्य0। रसायन।

भारत सरकार

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

(शिक्षा तथा संस्कृति मंत्रालय)

GOVERNMENT OF INDIA

COMMISSION FOR SCIENTIFIC & TECHNICAL TERMINOLOGY

(MINISTRY OF EDUCATION & CULTURE)

तार : शब्दायोग
Tele : SHABDAYOG

पश्चिमी खण्ड VII, रामकृष्ण पुरम,
West Block VII, R. K. Puram,

नई दिल्ली-110066
New Delhi-110066

9.2.87 190 (Saka)
~~जनवरी~~, 1987

प्रिय ~~प्रो0 [illegible]~~ प्रो0 बहादुर,

आपको यह जानकर अति प्रसन्नता होगी कि वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग रसायन विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में दिनांक 9-2-87 से 17-2-87 तक एक रसायन कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य आयोग द्वारा अनुमोदित एवं प्रमाणिक शब्दावली के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा प्राध्यापकों को अपने-अपने विषय को हिंदी माध्यम से पढ़ाने के लिए अधिकाधिक प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन अहिंदीभाषी क्षेत्रों में किया जाता है। रसायन में अब तक 2 कार्यशालाएँ आयोजित की जा चुकी हैं।

कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन दिनांक 9-2-87 को प्रातः 10-30 बजे वनस्पति विज्ञान सभागार में होगा। दिनांक 10-2-87 से कार्यशाला का समय अपराह्न 2 बजे से 5 बजे तक होगा। हमारी कार्यशाला में कुछ गणमान्य विद्वानों को हिंदी में विशेष व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। आपसे अनुरोध है कि आप रसायन संबंधी किसी विषय पर हमारी कार्यशाला में एक विशेष व्याख्यान देने की कृपा करें।

10/2/87
2-15 अपराह्न

इस कार्यशाला के संचालन का दायित्व प्रो0 प्रकाश चन्द्र गुप्ता को सौंपा गया है। कृपया प्रो0 गुप्ता से सम्पर्क स्थापित करके अपने व्याख्यान की तिथियाँ निर्धारित कर लें। विशेष व्याख्यान के 75 रुपये प्रति व्याख्यान की दर से मानदेय की अदायगी की जाती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यशाला में हमें आपका पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा तथा विशेष व्याख्यान देकर आप हमारी कार्यशाला को सफल बनायेंगे।

सादर,

आपका,
[signature] 9/2/87
(सतीशचन्द्र सक्सेना)

~~प्रो0 [illegible]री,~~
~~[illegible] प्रसाद [illegible] रसायन विभाग,~~
~~इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद.~~

~~प्रतिलिपि~~: प्रो0 ~~XXXXXX~~/
प्रो0 कृष्ण बहादुर,
68 दिलकुशा, नया कटरा,
इलाहाबाद-211002.